हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कोसम पेड़ की छांव में लगी मुख्यमंत्री की चौपाल



## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी आज सरगुजा में

**अंबिकापुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी एवं अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम और संगठन संभाग प्रभारी राजा पांडेय शुक्रवार को सरगुजा के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न प्रशासनिक, राजनीतिक तथा विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। डिप्टी सीएम श्री शर्मा व वित्त मंत्री श्री चौधरी के साथ ही श्री पाण्डेय 9 मई की सुबह 10 बजे रायपुर से दरिमा विमानतल के लिए राज्य विमान द्वारा रवाना होंगे तथा प्रातः 10.45 बजे दरिमा विमानतल पहुचेंगे। वे प्रातः 11.15 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे तथा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक भोजनावकाश के पश्चात दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय परिसर में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की आगामी सभा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक लेंगे।

### उर्स में दिल्ली, मुंबई के कव्वालों के बीच होगा मुकाबला

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स को लेकर तैयारियां जोरों से जारी है। तीन दिवसीय उर्स के दौरान दिल्ली, मुंबई और यूपी के कव्वालों के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। इस सम्बन्ध में अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 और 22 मई को हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 20 मई को सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाला जाएगा जो शहर भ्रमण करते हुए सद्भावना ग्राम तकिया पहुंचेगा। जुलूस के बाद मजार में चादर पोशी की जाएगी। इसके साथ ही 21 और 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। इस बार उर्स में 21 मई को उत्तर प्रदेश के कव्वाल शाकिब शाबरी और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को मुम्बई के कव्वाल हामिद हुसैन और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा।

### रामानुजनगर के ग्राम पटना में उतरा सीएम का उड़नखटोला

# सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे इसलिए सुशासन तिहार : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


**खास बात**

- दी 48 करोड़ से अधिक की सौगात, लोगों की समस्याओं का किया समाधान

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तहत चलाए जा रहे अभियान की जमीनी हकीकत जानने गुरुवार को सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और उसका निराकरण किया। सीएम ने सुशासन तिहार के लाभार्तियों से सीधा संवाद किया वहीं महिलाओं ने सुशासन तिहार, महतारी वंदन और अन्य योजनाओं के लिए सीएम को सम्मानित किया। इसके साथ ही सीएम श्री साय ने विधायक और कैबिनेट मंत्री की मांग पर अलग अलग कार्यों के लिए 48 करोड़ 26 लाख रूपए की घोषणा की। इसके पूर्व सीएम श्री साय क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के निवास स्थान पहुंचे और विधायक की नातीन के अन्नप्रासन में शाामिल हुए।

बता दें कि प्रदेश में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उड़न खटोला अचानक ही सूरजपुर जिले के रामानुजनगर के श्रीनगर अंतर्गत ग्राम पटना में उतरा। इस दौरान सीएम श्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीण खासे उत्साहित नजर आए और उनका जोशीला स्वागत किया। इस दौरान सुशासन तिहार के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के अधिकांश कार्यों को पूरा किया है। सरकार प्रदेश में जो योजना चला रही है वो ठीक से गांव तक पहुंच रही है या नहीं और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं यह देखने और जानने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन सरकार ने किया है। यह अभियान तीन चरणों में चलने वाला है। 8 से 11 अप्रैल तक लोगों के आवेदन लिए गये और मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदनों का 12 अप्रैल से 4 मई तक निराकरण किया गया और अब तीसरे चरण में 5 मई से समाधान शिविरों में इसकी जानकारी लाभार्थियों को दी जा रही है। इसके लिए 10 से 15 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर समाधान शिविर लगाए जा रहे है जहां कलेक्टर समस्याओं के निराकरण की जानकारी दे रहे है। यह अभियान महीने भर चलने वाला है। सीएम श्री साय ने कहा कि 5 मई से मै लगातार समाधान शिविरों का भ्रमण कर रहा हूं। सभी जगह जनता समाधान शिविर से संतुष्ट है और हमारे सरकार की योजनाएं लोगों तक पहुंच रही है। मैंने स्वयं गावों में जाकर पीएम आवास का काम देखा है और किसानों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि इसी तरह जनता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन सरकार को मिलता रहे।

इस दौरान विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसावा राजू, जिले के प्रभारी सचिव भूवनेश यादव, आईजी दीपक झा, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, कलेक्टर एस जयवर्धन, डीएफओ पंकज कमल एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे।



ग्रामीण को प्रमाण पत्र देते मुख्य मंत्री व कैबिनेट मंत्री।



विधायक भूलन सिंह की पोती का अन्नप्रासन कराते मुख्यमंत्री।

### काम नहीं करने वालों की करें शिकायत : बघेल

जिले के प्रभारी मंत्री और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि सुशासन तिहार आपके आवेदनों के निराकरण करने की योजना है। जनता सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने कहा कि एक बड़ी सोंच के साथ इस योजना को शुरू किया गया है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के लिए भटकना ना पड़े। यदि कहीं शिक्षक, पटवारी या अन्य अधिकारी-कर्मचारी काम नहीं कर रहे है तो इसकी भी शिकायत करें ताकि ऊपर तक इसकी जानकारी मिल सके। कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश के मुख्या जनता के बीच आकर उनकी समस्याओं का निराकरण करके दिखा रहे है। यह सुशासन तिहार पहले कभी नहीं हुआ क्यों कि पांच साल पहले प्रदेश में कोई सुशासन नहीं था। अब सुशासन आया है और विष्णुदेव साय सरकार में लोगों से मुलाकात कर सुशासन तिहार में उनकी मांग और समस्याओं पर हम काम करके दिखेंगे। सुशासन तिहार हमारे लिए महत्वपूर्ण है। सभी विभागों से आवेदन लिए गए जिला स्तर पर सभी आवेदनों का निराकरण हो गया है। सीएम श्री साय सरकार बनने के बाद लगातार लोगों की चिंता कर रहे है। अधिकारी के पास जाने पर चक्कर काटना पड़ता है तब जाकर हमारी बात सुनी जाती है इस लिए सुशासन तिहार लाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है।

### किया जाएगा सभी समस्याओं का निराकरण

कार्यक्रम में सीएम श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत 15 ग्राम पंचायतों में 2 हजार 698 आवेदन आए थे और इसमें से 99 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया है और इसके लिए जिला कलेक्टर और उनकी टीम को बधाई है। प्रदेश स्तर की समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश साल में हमने कानूनों में कई सुधार किए है और भ्रष्टाचार का रास्ता बंद किया जा रहा है। भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाय गया है और रजिस्ट्री के साथ ही नामान्तरण के कार्य हो जाएंगे और लोगों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कोई भी फर्जी रजिस्ट्री नहीं हो सके इसके लिए प्रावधान किया गया है। वहीं अब अपने बच्चों के नाम पर पिता 500 रूपए की फीस देकर जमीन रजिस्ट्री करा सकते है। गांव में ही लोगों को लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल सुविधा केंद्र खोले गए है। वहीं पीएम आवास प्लस की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है इसक लिए लाभार्थी इस यूजना का लाभ लें। आने वाले समय में महतारी योजना के लिए छूटे हुए माताओं-बहनों के लिए एप खोला जाएगा और लाभार्थियों को जोड़ा जाएगा।

### विधायक के जन्म दिन पर दी करोड़ों की सौगात

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपनी नातिन के अन्न प्रासन और अपने जन्म दिन के अवसर पर क्षेत्र के विकास का तोहफा मांगा। विधायक ने गांव में सरना देवी स्थल पर विकास कार्य, परशुरामपुर गांव में कुलेमी वाटर फाल को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की। इस दौरान सीएम श्री साय ने विधायक के जन्म दिन के तोहफा के रूप में विधायक की मांग पर क्षेत्र की जनता को कुल 48 करोड़ 26 लाख रूपए की सौगात दी। सीएम ने कुलेमी घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 81.90 लाख रूपए की घोषणा की, सरना देवीगुड़ी में विकास कार्य के लिए 45.42 लाख रूपए की सौगात दी। इसके साथ ही मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की मांग पर ग्राम पंचायत रामनगर में शिव कुमार यादव के घर से ट्रान्सफार्मर तक सीसी निर्माण 10 लाख रूपए, भैयाथान मुख्य मार्ग से उंचडीह-देवरा, परसापार कृष्णपुर तक मार्ग निर्माण के लिए 18 करोड़, मनिहारी बाजारपारा से झापटपारा मार्ग निर्माण पुलिया समेत 9 करोड़ सड़क निर्माण, सुरता से चूलिहापारा, केल्हारीपारा 12 किमी सड़क निर्माण के लिए 20 करोड़ रूपए की घोषणा की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामग्री।

# दो युवकों से 20 लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गांधीनगर पुलिस ने की कार्रवाई

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 20 लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन और कफ सिरप, मोबाइल फोन, वाहन जब्त किया है।

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 7 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने गंगापुर निवासी 36 वर्षीय पंकज गुप्ता आ. स्व. कमलेश गुप्ता के किराए के मकान का के किराए के मकान में छापा मारा तो आरोपी के घर की तलाशी में तीन प्लास्टिक कैरेट ट्रे व दो बैग, एक नग प्लास्टिक पॉलीथिन में 1725 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं 310 नग नारकोटिक्स युक्त सिरप के साथ ही 36960 रूपए नगद, तीन नग मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नशे का सामान आस पास के क्षेत्रों में खपाए जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 19 लाख रूपए का इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, सउनि विपिन कुमार तिवारी, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, ऋषभ सिंह, धीरज सिंह, कसमुद्दीन अंसारी, सैनिक अनिल साहू, रौशन गुप्ता सक्रिय रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकडाया आरोपी

इसके साथ ही पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 7 मई को नशीले कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चठिरमा बेरियर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 7247 को रोकने का प्रयास किया गया तो युवक भागने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर मायापुर ठनगनपारा निवासी 28 वर्षीय अनिल गुप्ता आ. शिवकुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो उसमें से 20 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पुलिस ने स्कूटी और कफ सिरप को जब्त करने के साथ ही आरोपी को धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पटना में समाधान शिविर



**पटना।** नगर पंचायत पटना में समाधान शिविर का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसमें नगर पंचायत पटना के हितग्राहियों द्वारा अपने प्रस्तुत आवेदन पत्रों का निराकरण की कार्रवाई सुना समझा व देखा, समाधान शिविर में 17 राशन कार्ड, 8 किसान पुस्तिका का वितरण एवं 137 प्रधानमंत्री आवास पात्र हितग्राहियों की सूची अवलोकन कराया गया। तथा 1 पेंशन पात्र हितग्राही, उज्वला गैस आवेदन पत्रों एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 1148 आवेदन पत्रों का विस्तार रूप पढ़कर सुनाया गया। शिविर में नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह एवं समस्त वार्डो के पार्षदों, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल, डीडी पंचायत एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त नगरवासी उपस्थित रहे।

### लिंक कोर्ट व्यवहार न्यायालय चिरमिरी में करने की मांग

**वेस्ट चिरमिरी।** अधिवक्ता संघ चिरमिरी के द्वारा कुटुंब न्यायालय का लिंक कोर्ट व्यवहार न्यायालय चिरमिरी में किए जाने के लिए एक पत्र मुख्य न्यायाधीश छग हाईकोर्ट बिलासपुर को प्रेषित किया गया है। पत्र में संघ के कोषाध्यक्ष समर सिंह ने कहा है कि सिविल जिला कोरिया छग के व्यवहार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ में प्रतिमाह 1 तारीख से लेकर 20 तारीख तक और जिला न्यायालय बैकुंठपुर में 21 तारीख से 30 तारीख तक कुटुंब न्यायालय संचालित किया जाता है। कोरिया जिले में ही स्थित व्यवहार न्यायालय चिरमिरी है। वर्तमान में व्यवहार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ में 70 प्रतिशत मामले चिरमिरी व्यवहार न्यायालय क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्राम एवं नगरों के हैं। करीब 100 किमी दूर से पक्षकारो को अपने मामलों में उपस्थित होने के लिए कुटुंब न्यायालय मनेन्द्रगढ़ जाना पड़ता है,जिससे पक्षकारों को अत्यधिक समय और धन व्यय करना पड़ता है, इसलिए यह आवश्यक है कि व्यवहार न्यायालय चिरमिरी में भी पक्षकारों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कुटुंब न्यायालय का लिंक कोर्ट किया जाए, ताकि पक्षकारो को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। पत्र में व्यवहार न्यायालय चिरमिरी में 10 दिनों का लिंक कोर्ट किए जाने की प्रार्थना की गई है।

### वायरल बीमारी से बढ़ी मरीजों की संख्या

**सोनहत।** खंड क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों में वृद्धजन, कमजोर प्रकृति के लोग और छोटे बच्चे सर्द-गर्म के कारण गले में दर्द, वायरल बुखार और हाथ-पैर में दर्द जैसी समस्याओं से परेशान होकर स्वास्थ्य केन्द्रों का रूख कर रहे हैं। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग और मैदानी अमला अपने-अपने स्तर पर ग्रामवासियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं देने में जुटा हुआ है। मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीएमओ ने आम जनता से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने खान-पान में संयम बरतने, बासी और देर रात का भोजन न करने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तुरंत संपर्क कर उचित इलाज कराने की सलाह दी है।

### आठ सत्रों मे कलाकार सीखेंगे कला के गुर

**बिर्रा।** कला एवं साहित्य की अखिल भारती संस्था संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के निर्देशन में संस्कार भारती जिला इकाई जिला सक्ती के द्वारा गायन एवं वादन (तबला) की बारीकी सिखाने के लिए राष्ट्रीय कलाकार किशन देवांगन (गायन) और दीपक महंत (तबला) 8 सत्रों में कलाकारों को कला की बारीकियां सिखाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यशाला के संयोजक एवं संस्कार भारती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 मई शनिवार से देव पब्लिक स्कूल बसंतपुर-बिर्रा में रखा गया है।

## सीएम से सीधे रुबरु हुए ग्रामीण, कोरिया और एमसीबी जिले के औचक निरीक्षण पर पहुंचे सीएम साय

# कोसम पेड़ की छांव में लगी मुख्यमंत्री की चौपाल



छिंदिया में ग्रामीणों को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।



मांगों के संबंध में निर्देश देते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय गुरूवार को कोरिया और एमसीबी जिले के औचक निरीक्षण पर रहे। सर्वप्रथम सीएम श्री साय का उड़नखटोला एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक के माथमौर पहुंचे, इसके बाद सीएम का दूसरा पड़ाव कोरिया जिले के ग्राम छिंदिया में रहा, यहां उन्होंने कोसम पेड़ के नीचे अपनी चौपाल लगाकर सीधे ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए।

सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरिया जिले के ग्राम छिंदिया का आकस्मिक दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर जैसे ही गांव के प्राथमिक शाला परिसर में उतरा, ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल बन गया। पारंपरिक स्वागत के साथ मुख्यमंत्री को कोसम पेड़ की छांव में चौपाल में आमंत्रित किया गया। चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना और धान बोनस जैसी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से इनका लाभ व प्रभाव जाना। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं और जरूरतें रखीं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कई घोषणाएं कीं। छिंदिया में उप-स्वास्थ्य केन्द्र, दो सीसी सड़कों, एक सामुदायिक भवन तथा वार्ड क्रमांक 17 में पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गांव-गांव जाकर समस्याओं को सुन रही है, ताकि शासन और जनता के बीच की दूरी पूरी तरह समाप्त हो। मुख्यमंत्री की इस अनौपचारिक चौपाल से ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब राज्य का कोई मुख्यमंत्री सीधे खाट पर बैठकर उनकी बात सुनने आया है। इस अवसर पर बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसव राजू, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुर्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित पैकरा, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा व अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मांगों को लेकर चर्चा करते भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी।

**सीएम ने माथमौर चौपाल से की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं-**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरूवार को माथमौर में आयोजित जनचौपाल में शिरकत करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही। कुंवारपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र (सब स्टेशन) का निर्माण किया जाएगा, जिससे बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत फुलझर से चंदेला तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। तिलौली से दर्रीटोला, सनबोरा से पंडो, कुंवारपुर से गाजर तथा परपरटोला से चंदेला तक नवीन सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई। कुंवारपुर में नायब तहसीलदार कार्यालय भवन के निर्माण की घोषणा की गई, जिससे राजस्व प्रशासन और सुगमता से संचालित होगा। राजस्व मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। माथमौर में सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे सामाजिक आयोजनों और सार्वजनिक कार्यक्रमों को सुविधा मिलेगी।

### सीएम ने ग्रामीणों से की सीधी बातचीत

कोरिया जिले के ग्राम छिंदिया में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय जन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राथमिक शाला परिसर में ग्रामीणों के साथ कोसम पेड़ की छांव तले चौपाल लगाई। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभ की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण राज्य सरकार की मूल भावना है और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर जनता के साथ सीधे संवाद और त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम है।

### 43.38 लाख की लागत से होगा निर्माण



विकासखंड सोनहत के ग्राम किशोरी, बलसिंगा पारा से करगीबारी पारा मार्ग पर स्थित कुकरी झरिया नाला में अब बरसात में आवागमन की समस्या नहीं रहेगी। इस नाला पर स्टॉप डेम सह पुलिया निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से 43 लाख 38 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य को जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। बरसात के मौसम में पुलिया नहीं होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने और ग्रामीणों को राशन व अन्य आवश्यक वस्तुएं लाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ग्राम किशोरी के हंसराज, रंगलाल, देवराज, मंधुराम, बृजलाल, मनराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुचेन्द्र सिंह, मनेजर व नेवल साय ने पत्र लिखकर आभार जताया

### सीएम से मिलने ग्रामीणों में दिखा जबरदस्त उत्साह



**जनकपुर।** सुशासन तिहार के दौरान गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एमसीबी जिले के दूरस्थ ब्लाक मुख्यालय जनकपुर से 35 किमी दूर ग्राम पंचायत कुंवारपुर के आश्रित ग्राम माथमौर पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जैसे ही गांव के मैदान में उतरा आस-पास के ग्रामीण उत्साह के साथ उनसे मिलने के लिए दौड़ लगाते हुए हेलिकाप्टर के नजदीक पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने वहीं नजदीक ही महुआ पेड़ के नीचे खाट में बैठकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लिए। चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना और धान बोनस जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी लिए और ग्रामीणों से इन योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं की, इसमे मुख्य रूप से कुंवारपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, उप तहसील भवन के साथ ही सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव बसव राजू एस, कलेक्टर एमसीबी एवं जिला पंचायत सीईओ सहित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बैगा समुदाय की बिटिया ने किया टॉप, मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र और विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बच्चों में अब शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है, इसकी बानगी राज्य के अंतिम छोर पर बसे एक गांव में संचालित स्कूल से सामने आई है। छग और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे गांव कुंवारपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बैगा समुदाय की छात्रा कंगना बैगा ने हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10 वीं) में 83.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। कंगना बैगा की इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिजन और स्कूल प्रशासन बल्कि पूरा गांव गर्वित है। इस बीच सुशासन तिहार 2025 की कड़ी में औचक निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत माथमौर गांव पहुंचे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में मुख्यमंत्री के गुरूवार को माथमौर गांव आने की खबर मिलते ही ग्रामीणों के साथ कई विद्यार्थी भी प्रदेश के मुखिया से मिलने पहुंचे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवारपुर में पढ़ने वाली 10 वीं की टॉपर छात्रा कंगना बैगा 83.67 प्रतिशत, मीनाक्षी शुक्ला 82.83 प्रतिशत तथा 12 वीं के विद्यार्थी विद्यासागर तिवारी, सचिन कुमार बांधे और कुमारी शशि सिंह को मुख्यमंत्री ने पेन देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से भविष्य की शिक्षा और करियर संबंधी योजनाओं पर संवाद किया।

### प्रेमाबाग में देवराहा बाबा मेला परिसर में सीसी रोड होगा

छग में चल रहे सुशासन तिहार के तहत जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग स्थित देवराहा बाबा मेला परिसर के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति हुई है। अब इस क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और हाईमास्क सोलर लाइट की स्थापना की जाएगी। इस कार्य के लिए प्रशासन ने 30 लाख 26 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। ओम देवराहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने 9 अप्रैल को सुशासन तिहार में उक्त मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि देवराहा बाबा मंदिर परिसर एक प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, लेकिन वहां प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। साथ ही वार्ड क्रमांक 17 स्थित गुरूद्वारा के पास कन्या स्कूल के समीप संकीर्ण पुलिया और



गड्ढ़ों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में वे पूर्व में भी आवेदन दिए थे। जिला प्रशासन ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया। इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त की है। श्री शिवहरे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णुजी के सुशासन ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। वर्षों से लंबित मांगों को स्वीकृति मिलना हम सभी के लिए बड़ी राहत है। इस पहल से न सिर्फ क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को नई पहचान मिलेगी, बल्कि सुरक्षा और सुविधाओं में भी बड़ा सुधार होगा।

## चरचा क्षेत्र के छात्रों ने मेरिट में बनाई जगह



ज्योति प्रवीण



आकांक्षा केंवट



प्रीति दास



वागीशा राजवाड़े



नीलम चक्रधारी



मो. तस्लीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

छग माध्यमिक शिक्षा मंड द्वारा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में चरचा क्षेत्र के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर कोरिया जिले को गौरवान्वित किया है। हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा के कुल छह छात्रों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा 10 वीं की मेरिट सूची में वागीशा राजवाड़े ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नीलम चक्रधारी ने 90.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और आकांक्षा केंवट ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12 वीं में प्रीति दास ने 79.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, जोया प्रवीण ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं मोहम्मद तस्लीम ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इन सभी छात्र-छात्राओं की सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह और विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की मेहनत और लगन ने जिले का नाम रोशन किया है और ये आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।

### केशगवां हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**सोनहत।** विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल केशगवां ने इस वर्ष 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर क्षेत्र में गौरव का विषय बना लिया है। स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर छात्रों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की है। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष कुल 29 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, इनमें से 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और 12 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत परिणाम पर स्कूल स्टाफ का आभार जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि गांव के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं और इससे आने वाले वर्षों में अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत ग्राम दुबछोला तहसील चिरमिरी में श्रीमती गंगा की जहरीले सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके पति राम सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मंजित सिंह पिता बुधसेन निवासी ग्राम उधनापुर तहसील चिरमिरी की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतिका की पत्नी सुमिन्ना को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## स्वाति ने सुरों की साधना से राष्ट्रीय पहचान बनाई

**चिरमिरी।** छग के चिरमिरी में जन्मीं स्वाति तिवारी ने संगीत की दुनिया में अपनी मधुर आवाज और अटूट समर्पण से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। संगीत की समृद्ध विरासत से ताल्लुक रखने वालीं स्वाति के पिता एबी तिवारी और दिवंगत चाचा एसबी तिवारी भारतीय शास्त्रीय संगीत के जाने-माने नाम हैं, जिसने स्वाति के संगीत के प्रति रुझान को बचपन से ही पोषित किया।



चिरमिरी में श्रीराम गोपाल गुरुजी के सानिध्य में उन्होंने शास्त्रीय गायन की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। ज्ञान की प्यास उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ले गई, जहां उन्होंने पंडित रामशंकर जी के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखारा और 2019 में भारतीय शास्त्रीय गायन में स्वर्ण पदक के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। स्वाति की शैक्षणिक यात्रा यहीं नहीं रुकी। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एमफिल किया और वर्तमान में वे पीएचडी कर रही हैं, जहां वे संगीत के सिद्धांत और अभ्यास की गहराई में उतर रही हैं। विदुषी डॉ. शाश्वती मंडल जो ग्वालियर घराने की एक प्रतिष्ठित कलाकार हैं, इनके मार्गदर्शन में स्वाति की गायकी और भी परिष्कृत हुई है। वे ख्याल, तराना, टप्पा और टप्प ख्याल जैसी शास्त्रीय संगीत की जटिल विधाओं में पारंगत हैं, इसके अतिरिक्त, स्वाति वर्तमान में पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी की शिष्या विदुषी सुनंदा शर्मा से उप-शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण भी ले रही हैं। स्वाति की प्रतिभा को राष्टीय और अंतरराष्टीय स्तर पर सराहा गया है।

### स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन कर की आवाज बुलंद

# रेलवे की समस्याओं को लेकर विधायक ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में रेलवे से जुड़ी समस्याओ को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू हो गया है। स्थानीय विधायक अपने समर्थकों के साथ बुधवार से धरने पर बैठ गए है।

चिलचिलाती धूप में विभिन्न संगठन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर मांगो को लेकर आवाज बुलंद की। रेलवे से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायक ब्यास कश्यप ने बुधवार 7 मई से जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। स्टेशन के पश्चिम केबिन नैला फाटक में ओवरब्रिज निर्माण, नहरिया बाबा मंदिर के पास फुटओवर ब्रिज निर्माण और जांजगीर स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज़ की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। धरना स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर वे रेलवे और राज्य सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों से लगातार मिलते रहे हैं तथा पत्राचार करते रहे हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने उनके पत्र के जवाब में 12 मार्च 2024 को उन्हें सूचित किया था कि समपार फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य एकल इकाई के तहत राज्य सरकार द्वारा किया जाना है, जबकि रेलवे की ओर से संबंधित हिस्से का कार्य 2017-18 में ही स्वीकृत हो चुका है। मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर द्वारा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को 5 फरवरी 2024 को पत्र लिखकर राज्य सरकार के हिस्से का कार्य शीघ्र स्वीकृत करने हेतु लिखा जा चुका है। इसके बावजूद अब तक राज्य सरकार ने न तो निर्माण कार्य प्रारंभ किया और न ही कोई ठोस जवाब दिया। विधायक ने कहा कि नहरिया बाबा मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, वहां फुट ओवरब्रिज की अत्यंत आवश्यकता है। विशेष पर्व के दिन लाखों की भीड़ पटरियों को पार कर मंदिर पहुंचती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। गोंडवाना एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का ठहराव न होना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या है। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार,कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, कांग्रेस के चांपा मंडल अध्यक्ष सुनील साधवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, शिशिर द्विवेदी, पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष महेश राठौर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा शर्मा सहित अन्य लोगों ने धरना सभा को संबोधित किया।




स्टेशन के सामने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे विधायक।

### ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद मुआवजे के लिए चक्काजाम

**अकलतरा।** क्रेशर खदान में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर तरौद चौक में चक्काजाम कर दिया। क्रेशर मालिक द्वारा मुआवजा देने के आश्वासन पर 2 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ग्राम किरारी स्थित सासाराम क्रेशर खदान में 6 मई को रैंप से ट्रैक्टर ले जाते समय दुर्घटना घटित होने से ट्रैक्टर चालक सत्यनारायण यादव उर्फ छोटू उम्र 35 वर्ष पिता गदला यादव की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा बुधवार 7 मई की सुबह 10 बजे सत्यनारायण यादव के शव को तरौद चौक में रखकर मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी, प्रशांत गुप्ता, एसडीओपी प्रदीप सोरी ,अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडे, मुलमुला थाना प्रभारी मनोज जाटवर चक्का जाम स्थल पर पहुंचे एवं परिजनों को चक्का जाम समाप्त करने की समझाइए दी गई लेकिन परिजन मुआवजा राशि तय किए जाने की मांग को लेकर अड़े रहे। करीब 2 घंटे बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ,क्रेशर संगठन के पदाधिकारियों एवं मृतक के परिजनों की बैठक इंदिरा उद्यान में आयोजित की गई जिसमें क्रेशर मालिक के द्वारा उचित मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिए जाने पर दोपहर 12 बजे चक्का जाम समाप्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### म्यूल एकाउंट संचालन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** साईबर पोर्टल से म्यूल एकाउंट संचालन मामले की मिली सूचना के बाद सक्रिय हुई बिश्रामपुर पुलिस म्यूल एकाउंट संचालन मामले के आरोपी दो युवकों प्रीतम सिंह पिता शोभनाथ सिंह 26 वर्ष एवं विकेश गिरी पिता स्व अरुण गिरी 28 वर्ष दोनों निवासी सिलफिली को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों द्वारा अलग अलग लोगों का विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर ठगी की रकम की अफरा तफरी किए जाने की सूचना साइबर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी।सूचना पर जांच अधिकारी एडिशनल एसपी संतोष महतो के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों आरोपी प्रीतम सिंह और विकेश गिरी को धारा 420,413,120 बी आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।आरोपियों द्वारा एक्सिस बैंक के एक खाते में ठगी की रकम 61 हजार 581 रु का ट्रांजक्शन किया गया था उनके द्वारा अलग अलग बैंकों में खुलवाए गए अन्य बैंक खातों की पुलिस जांच कर रही है।पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया। जहां उन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया गया है।

### युवती से वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती की आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और पैसों की मांग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती के भाई ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि सनावल निवासी 20 वर्षीय बालेश्वर यादव आ. देवचंद यादव द्वारा उसके बहन की निजी वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग की जा रही है इसके साथ आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी जा रही है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बालेश्वर यादव को बीएनएस की धारा 308(2), 296, 115(2), 351(3) के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### राखड़ लोड ट्राला पलटा कोई हताहत नहीं

**बिश्रामपुर।** बीती रात राखड़ परिवहन में लगी एक राखड़ लोड ट्राला वाहन सीजी 10 बीपी 5024 बिश्रामपुर रेहर गायत्री मुख्य पर डेडरी गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई है।घटना बुधवार देर रात की बताई गई है।बताया जाता है कि वर्तमान में पिछले छह आठ माह से राज्य के अलग अलग पॉवर प्लांट से राखड़ परिवहन का कार्य बिश्रामपुर तक हो रहा है।उक्त राखड़ को क्षेत्र के खुली खदानों में डंप किया जा रहा है।इस कार्य में सैकड़ों ट्राला वाहन दिन रात अलग अलग मार्गो से आवाजाही कर रही है।आरोप है कि क्षमता से अधिक ओवरलोड वाहनों को सहित सड़क परिवहन विभाग के नियमों के विपरीत तेज गति से मुख्य सड़क से राखड़ का परिवहन कराया जा रहा है जिससे आमजनो के लिए मुसीबत बनी हुई है।सबसे मुख्य बात यह है कि राख डंप करने के बाद ये वाहन मुख्य सड़क से बिना तिरपाल ढके राख उड़ाते हुए मुख्य बाजार से तेजी से पार होती हैं जिससे यात्री व व्यवसाई हवा में राख उड़ने से असहज महसूस करते है।

## विरोध करने पर जलावन लकड़ी से मारकर उतारा मौत के घाट

# आधीरात चोरी की नीयत से घर में घुसे अपराधियों ने की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

घर में चोरी की नीयत से घुसे अपराधियों ने जलावन लकड़ी से वार कर युवक की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ग्रामीण के घर से पांच नग बकरा बकरी चोरी कर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही चार से पांच बदमाश चार पहिया वाहन से चोरी करने आए थे और युवक से सामना होने पर उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस दवरा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- ग्राम गेरसा टोंगरीपारा की घटना, पांच बकरी भी ले गए साथ

बताया जा रहा है कि थाना के केरजू चौकी अंतर्गत ग्राम गेरसा टोंगरीपारा निवासी 45 वर्षीय रैदु आ. पंचम नागवंशी के घर गुरुवार की देर रात चार से पांच लोग चोरी की नीयत से घुस आए थे। अपराधी ग्रामीण के घर में बकरा बकरी की चोरी करने के लिए घुसे थे। इसी दौरान घर में घुसे चोरों की आवाज सुनकर रैदु उठ गया और उसका चोरों से समना हो गया। चोरों को देखकर ग्रामीण ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अपराधियों ने घर में मौजूद जलावन लकड़ी से रैदु पर हमला कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर युवक के बुजुर्ग माता-पिता भी बीच बचाव के लिए आए लेकिन आरोपियों ने रैदु के सिर पर लकड़ी से लगातार कई बार हमला किया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की हत्या करने के बाद आरोपी घर से पांच नग बकरा बकरी लेकर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही है कि चोरी के लिए अपराधी चार पहिया वाहन सी आए थे और इस वारदात में चार से पांच लोग शामिल थे। हालांकी घटना के दौरान घर में दो अपराधी घुसे थे जबकि बाकी लोग घर के बाहर खड़े थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके स्थ ही मामले में बीएनएस की धारा 103, 332, 309,115(2), 351(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।



थाने के बाहर मृतक के परिजन, इनसेट में मृतक।

### दो दिन पहले भी घर मे घुसे थे लोग

बताया जा रहा है कि इस घटना के दो दिन पहले भी देर रात को अज्ञात लोग रैदु के घर में घुसे थे। इस दौरान उन्होंने रैदु पर अपनी पत्नी को छोड़ने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। मृतक के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि जब रैदु हाथ मे टांगी पकड़कर जब बाहर निकला तब वे लोग वहां से भाग खड़े हुए थे। दरअसल रैदु की पत्नी काफी दिनों से ससुराल के बजाए ग्राम गेरसा ढोढ़ीडीपा में अपने मायके में रहने लगी थी। इनके दो बेटे है जो पिता के पास रहते थे पर घटना के दिन वो अपनी मां के पास चले गए थे। हत्या से दो दिन पहले इसी बात को लेकर आधी रात को अज्ञात लोगो ने रैदु के घर जाकर उसे पत्नी को लेकर धमकाया था। रैदु खेती किसानी के अलावा बकरी पालन के व्यवसाय से भी जुड़ा हुआ था।उसके घर मे हमेशा 40 से 50 की संख्या में बकरियां मौजूद रहती थी। जिससे उसकी अच्छी खासी आय हो जाती थी। इस बात की जानकारी बहुत लोगों को थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना में उन लोगों का हाथ है जिन्हें ये बात पता थी कि रैदु के घर मे ढेर सारी बकरियां है।



## तरबूज के खेत में फेंसिंग कर किया करंट प्रवाहित, युवक की मौत के बाद मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के जमदेई ग्राम में स्थानीय युवक द्वारा लीज में जमीन लेकर उसमें किए जा रहे तरबूज की खेती को चोरों व जानवरों से बचाने कराए गए फेंसिंग में करेंट प्रवाहित कर देने से गांव का 37 वर्षीय चरवाहा की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने आज मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने जमकर हंगामा मचाया। ग्रामीणों के उग्र रूप और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद आरोपित के परिजनों द्वारा मृतक के परिवार को दाह संस्कार के लिए एक लाख रु नगद राशि दिए जाने के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम पंचनामा के लिए अस्पताल भेजा है।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस घटना के दूसरे दिवस बड़े सबेरे चार बजे भोर बिना मृतक के परिजनो को सूचना दिए चुपचाप शव को उठवा पीएम के लिए अस्पताल ले जा रही थी जिसका स्थानीय लोगो ने विरोध कर शव वाहन को घंटों रोक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा मचाया ।सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम के हस्तक्षेप और आरोपी पक्ष के द्वारा मृतक के दाह संस्कार के लिए उसके परिवार को एक लाख रु मौके पर नगद दिया और प्रशासनिक टीम ने शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ,और फिर शव को अस्पताल भेज पीएम पंचनामा के बाद परिजनो को सौंपा गया जहां देर शाम गमगीन माहौल में मृतक का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।बताया जाता है कि मृतक बबल यादव पिता रामरति यादव 37 वर्ष निवासी पेंड्रखी जो अपने ससुराल जमदेई में घर जमाई रह वही गाय भैंस पाल छोटा मोटा दूध बेचने का काम कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है।बुधवार सात मई को वह भैंस चराने निकला था कि गांव के ही युवक शैलेन्द्र साहू द्वारा लीज में जमीन ले उसमें उसके द्वारा तरबूज की खेती की जा रही थी।तरबूज की खेती को चोरों और मवेशियों से बचाने लोहे की फेंसिंग कटीले तार में उसके द्वारा करेंट बिछा दिया गया था।कल भैंस चराने के दौरान बबल यादव करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।घटना बुधवार शाम पांच छह बजे आसपास की बताई गई है।सूचना पर पहुंची पुलिस शाम होने के कारण और परिजनो के विरोध के कारण शव का उठाव नहीं कर सकी।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया था।बताया जाता है घटना के बाद नाराज स्थानीय लोगो ने आरोपित की जमकर पिटाई कर दिया।आरोप है कि सुबह करीब चार बजे जयनगर पुलिस चुपचाप शव को मौके से उठवा अस्पताल ला रही थी तभी ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र हो पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर शव लोड वाहन को रोक लिया और पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे।घंटों चले हंगामा के बाद सूचना पर मौके पर मानी तहसीलदार प्रियंका रवि एसडीओपी अभिषेक पैकरा पहुंच हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाया लेकिन वे पचास लाख की मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।बाद में कई दौर के बातचीत के बाद एक लाख रुपये आरोपित पक्ष के द्वारा मृतक के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए नगद दिए जाने और प्रशासन द्वारा अलग से मुआवजा राशि दिलाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने और फिर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

जयनगर टी आई नरेंद्र सिंह ने पुलिस द्वारा आरोपी के बचाव के आरोपों को स्पष्ट नकारते हुए कहा कि घटना के तत्काल बाद आरोपी शैलेन्द्र साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 और विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत रात में ही प्रकरण दर्ज कर लिया गया है ।घटना के बाद से आरोपित शैलेन्द्र साहू फरार हो गया है पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### रामनगर में बिना कनेक्शन के भेजा गया 9430 रुपए का बिजली बिल

**बिश्रामपुर।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार मामला है ग्राम रामनगर का जहां जागर सिंह पिता बसंत सिंह नामक ग्रामीण को बिना किसी बिजली कनेक्शन के 9430 रुपए का फर्जी बिजली बिल थमा दिया गया है। बिजली बिल क्रमांक 1003091535 पर जारी किया गया यह बिल न केवल हास्यास्पद है, बल्कि विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण भी बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला अकेला नहीं है, लेकिन जागर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाया गया है।पीड़ित जागर सिंह ने गहरी नाराज़गी जताते हुए कहा कि हम जैसे गरीब किसान के पास तो बिजली कनेक्शन ही नहीं है। घर में भाई के नाम पर ही विद्युत कनेक्शन है, उसी में हम साथ ही रहते हैं। मेरे द्वारा विद्युत कनेक्शन हेतु कोई आवेदन नहीं दिए जाने के बावजूद विभाग द्वारा 9430 रुपए का बिल थमा देना सीधे तौर पर मानसिक प्रताड़ना है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 9 को

अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के द्वारा जारी पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर काउंसलिंग पश्चात विद्यालय आबंटित कर प्रवेश दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके फलस्वरूप विद्यालय आबंटन हेतु विद्यार्थियों की काउंसलिंग 9 से 14 मई तक समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक, संस्था-पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एमजी रोड, पीजी कॉलेज के पास आयोजित है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की सूची सरगुजा जिले के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। चयनित सभी विद्यार्थी एवं उनके पालकों को समस्त दस्तावेजों एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होना होगा।

### मेडिकल कॉलेज में एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल पर कार्यशाला आज

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय में सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा फाइंड इंडिया की सहायता एवं डब्ल्यूएचओ के सहयोग से चिकित्सालय में होने वाले एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला 9 मई को किया गया है। इस कार्यशाला में चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि उन्हें चिकित्सालय की बेहतर साफ सफाई का प्रबंधन करा सके जिससे चिकित्सालय में एयर बोर्न इन्फेक्शन से होने वाले संक्रमण से मरीजों को बचाया जा सके। सेंट्रल टीबी डिवीजन के द्वारा पूरे देश में कुल लगभग 185 संस्थानों का एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल का मूल्यांकन किया गया। जिसके पश्चात इन संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षित ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण देने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। जिससे एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल किया जा सके। इस कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. अरुणेश सिंह, चिकित्सालय के सिविल सर्जन एवं प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ जेके रेलवानी एवं फाइंड इंडिया के रीजनल टेक्निकल स्पेशलिस्ट डॉ. हिमाद्री भूषण बाल सहित चिकित्सालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित प्रतिभागी उपस्थित रहेंगे।

### पड़ौली बस्ती में दंतैल ने जमाया डेरा, ग्रामीणों में हड़कंप

**धौरपुर।** विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पड़ौली में दल से भटके एक दंतैल द्वारा पूरे दिन डेरा जमाए रहने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। गुरूवार को बलरामपुर से 25 हाथियों का दल भी चंदेश्वरपुर स्थित बाराझरिया जंगल में पहुंचा है। दंतैल को इसी दल का सदस्य बताया जा रहा है।

गुरूवार को सुबह 5 बजे ग्राम पंचायत पड़ोसी स्थित हाईस्कूल के पास आम के बगीचे में दंतैल को घूमता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दंतैल बगीचे की झाड़ियों में पूरे दिन आराम करता रहा। बगीचे के चारो तरफ घनी आबादी है जिससे ग्रामीण काफी दहशत में है। दोपहर में दंतैल को खदेड़ने के उद्देश्य से कुछ युवा पास में पटाखा फोड़ रहे थे। तेज धमाके से आक्रोशित दंतैल बाहर निकल कर युवकों को दौड़ाने लगा। युवकों के भागने के बाद दंतैल वापस झाड़ियों की ओर चला गया। बलरामपुर में भ्रमण कर रहा 25 हाथियों का दल भी दोपहर में चंदेश्वरपुर के बाराझरिया जंगल पहुंचा है। वनकर्मी दंतैल को इसी दल का सदस्य बता रहे हैं तथा रात में दंतैल के चंदेश्वरपुर अथवा सखौली की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों की निगरानी के लिए विभाग ने एक वनपाल को तैनात किया है। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़ने से आक्रोशित दंतैल ने एक पालतू सूअर को पटक कर जान ले ली है वहीं एक पेड़ को ढहा दिया है।



### सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानी निवासी देव मुनिया पति रजिन्दर (30 वर्ष) बीती रात चार बच्चों के साथ घर के जमीन पर सो रही थी। जबकि पति पास के गांव चिकनी बारात में गया था। इसी दौरान देर रात महिला के उंगली को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने तथा भागते देख महिला ने घटना की जानकारी पति को दी। परिजन तत्काल घर पहुंच पत्नी को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया।



## तालाब में मिली महिला की लाश, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोईंग गांव के तालाब में एक स्थानीय महिला की तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कई लोग इस हत्या कह रहे हैं तो कई इसे आत्महत्या बता रहे हैं। जबकि पुलिस टीम इसे हादसा बता रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ग्राम लोईंग में भोजपल्ली रोड पर स्थित अघरिया तालाब में सुबह 8 बजे स्थानीय महिला जंबोवती निषाद (40) की पानी में तैरती लाश मिली। स्थानीय लोगों ने जब तालाब में एक महिला का शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद महिला की शिनाख्ती जंबोवती के रूप में हुई। पुलिस प्रथम दृष्टया महिला की मौत पानी से डूबने से मान रही है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट और मर्ग जांच में ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बात**

- हत्या, आत्महत्या या हादसा जांच में जुटी चक्रधर नगर पुलिस

### मायके पक्ष लगा रहे हत्या का आरोप

मृतका जंबोवती निषाद का मायके बरगढ़ ओडिशा में है। घटना की सूचना मिलने पर मृतका की मां और भाई भी घटना स्थल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने दामाद पर जंबोवती की हत्या का आरोप लगाया है। मायके पक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जंबोवती का पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। इसलिए वह अक्सर अपने मायके में रहती थी। करीब 20 दिन पूर्व ही उसका पति उसे लेकर आया था। बुधवार की रात भी वह अपनी पत्नी को झगड़ा कर भगा दिया था और सुबह उसकी लाश मिली।

अम्बिकापुर को मिला बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट - अंकिता मिंज



अम्बिकापुर की खूबसूरती और कला को नई पहचान दिलाते हुए अंकिता मिंज को बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट मेकअप स्किल्स क्लाइंट्स के साथ शानदार व्यवहार और फैशन एवं ब्यूटी इंडस्ट्री में उनके सराहनीय योगदान के लिए दिया जाता है।

अंकिता मिंज ने अपने हुनर से न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि सोशल मीडिया और बड़े इवेंट्स में भी अपनी खास पहचान बनाई है। उनकी स्टूडियों "MAKEUP STUDIO BY ANKITA MINJ" आज महिलाओं की पहली पसंद बन चुकी हैं, जहां हर लुक को खास और यादगार बनाया जाता है।

यह उपलब्धि न केवल अंकिता के लिए, बल्कि पूरे अम्बिकापुर के लिए गर्व का विषय हैं।

*feature impact

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 17,000/-

8 रात व 9 दिन

EX हरिद्वार

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411